## खबर संक्षेप

### असम राइफल्स स्थापना दिवस नांगल चौधरी में कल

**नारनौल।** असम राइफल्स का स्थापना दिवस 24 मार्च को नांगल चौधरी में मनाया जाएगा। इस विशेष आयोजन में हरियाणा व राजस्थान सहित देशभर से असम राइफल्स के सेवा निवृत्त अफसर व जवान भाग लेंगे। रिटायर हवलदार शीशराम यादव व मालाराम गुर्जर ने इस संबंध में बताया कि पहली बार हरियाणा और राजस्थान का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जो आपसी एकता और पूर्व सैनिकों के सम्मान की एक मिसाल बनेगा। पूर्व सैनिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले पूर्व सैनिक अपने अनुभव साझा करेंगे और संगठन की गौरवशाली परंपराओं को याद करेंगे। लोगों को भी इस कार्यक्रम के माध्यम से सेना के योगदान को जानने का अवसर मिलेगा।

### हनुमान जयंती पर भंडारा 2 अप्रैल को

**कनीना।** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में दो अप्रैल को 132 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। निगम के जेई रामरतन शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व एक अप्रैल रात्रि को जागरण होगा। जिसमें भजन गायक हनुमान जी के भजनों का गुणगान करेंगे। वहीं दो अप्रैल को सुबह सवा आठ बजे हवन का आयोजन होगा, इसके बाद सवा 10 बजे भंडारा प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि भंडारे में करीब 15 क्विंटल चीनी के लड्डू तैयार किए जाएंगे।

### नहर में कूदे बुजुर्ग की नहीं हुई पहचान

**नारनौल।** गत 19 मार्च को नांगतिहाड़ी नहर में कूदे करीब 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत होने उपरांत पुलिस ने उसकी शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे पहचान के लिए नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया हुआ है। बता दें कि बुजुर्ग ने गत 19 मार्च को नहर में छलांग लगा दी थी और उसे पशुओं के लिए घास लेने गई महिलाओं ने देख लिया था तथा इसकी सूचना पुलिस तक पहुंची थी। पुलिस ने करीब दो घंटे की मशक्कत करके शव को बाहर निकाला था। अब उसी पहचान का इंतजार है।

### बुजुर्ग महिला से चेन छीनने वाला गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ना ने स्नैचिंग के मामले में एक और आरोपित सचिन निवासी गावली नजदीक नकटी घाटी सीकर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ चोरी व छीना झपटी के आधा दर्जन से अधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपित सचिन को झुंझुनूं जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया है। जहां वह एक अन्य चोरी के मामले में न्यायिक हिरासत में था। पुलिस ने एक आरोपित रूड़ाराम निवासी लुहारवास नीमकाथाना राजस्थान को पहले गिरफ्तार किया था। जिससे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने लूटी गई सोने की चेन, लॉकेट व सोने के 10 मणिये बरामद किए थे। घटना के अनुसार दिल्ली पुलिस में कार्यरत हंसराज निवासी थनवास ने थाना नांगल चौधरी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 14 अप्रैल सुबह करीब 5:40 बजे उसकी माताजी एनएच 148 बी सर्विस रोड पर घूमने गई थी।

## अमेरिका-इजराइल और ईरान की जंग पड़ रही भारी

# डीजल-पेट्रोल और गैस के बढ़ते दाम बिगाड़ रहे हैं घर का बजट

**देश और प्रदेश में ईंधन की कीमतें बढ़ने के कारण जरूरत की चीजें महंगी हो रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

एक तरफ जहां अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग लगातार जारी है। वहीं इस युद्ध का असर आम नागरिकों पर भी पड़ने लगा है। सबसे पहले जहां गैंस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी हुई वहीं दूसरा झटका बड़े से लेकर छोटे. वाहनचालकों पर पड़ा जहां डीजल-पेट्रोल के दामों में हिजाफा देखा गया। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष का असर आम लोगों के जीवन पर बहुत गहरा पड़ रहा है। ईंधन की कीमतें (पेट्रोल-डीजल) रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ने के कारण माल ढुलाई महंगी होने से राशन, फल और अन्य जरूरत की चीजें महंगी हो रही हैं।


हनुमान पाराशर


मड्डू


सोमबीर वाल्मीकि

### ईंधन और परिवहन महंगा

*वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी हनुमान पारासर ने बताय कि युद्ध के कारण तेल की आपूर्ति ठप होने का खतरा है, जिससे पेट्रोल-डीजल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। रोजमर्रा की चीजें महंगी, माल ढुलाई महंगी होने से फल, सब्जियां, दालें और अन्य खाद्य पदार्थ महंगे हो गए हैं। व्यापार में बाधा जहाजों के आवागमन में दिक्कत के कारण आयात-निर्यात प्रभावित हुआ है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक और निर्माण सामग्री (सीमेंट-लोहा) भी महंगी हो रही है। यहां तक कि दैनिक जीवन में प्रयोग पॉलीथिन के रेटों में भी भारी उछाल देखने को मिला है।*

### कृषि और खाद्य संकट

*समाजसेवी सोमबीर वाल्मीकि ने बताया कि युद्ध के कारण कृषि भूमि और मत्स्य पालन को नुकसान हुआ है, जिससे खाद्य सुरक्षा का खतरा पैदा हो गया है। व्यापार मार्ग बंदरू होर्मुज की खाड़ी के पास तनाव से समुद्री व्यापार प्रभावित हुआ है, जो दुनिया के लिए तेल और अन्य सामान का मुख्य मार्ग है। वित्तीय अनिश्चितता शेयर बाजार में भारी गिरावट और अनिश्चितता का माहौल है। इस संघर्ष के कारण दुनिया भर में लोगों को आर्थिक और दैनिक जीवन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।*

### स्वास्थ्य और सुरक्षा संकट

*समाजसेवी मड्डू ने बताया कि युद्ध वाले इलाकों में नागरिक सुरक्षित नहीं हैं और अस्पतालों व बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं का बुरा हाल है। मुद्रास्फीति इस संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ रही है, जिससे आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। दैनिक जीवन में प्रयोग दो पहिया वाहनों से लेकर बड़े वाहन चालकों पर भी भारी असर पड़ा है। इस युद्ध से रसोई पर भी गहरा असर देखने को मिल रहा है। यही हाहल रहे थे दूध-दही की वस्तुओं में भी भारी उछाल आ सकता है। वहीं सिलेंडर की पूर्ति न होने के कारण आमजन दोबारा से लकड़ी-ओपलों के चूल्हे को इस्तेमाल करने लगे हैं।*

## शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर किया शहीदों को नमन


**भिवानी।** शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज चरखी दादरी

युवाओं में देशभक्ति की भावना विकसित करने के लिए कार्यरत इंकलाब युवा मोर्चा के द्वारा शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर देश के महान शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। मोर्चा सदस्यों द्वारा 23 मार्च 1930 को शहीद हुए भारत के क्रांतिकारी शहीद भगतसिंह, राजगुरु , सुखदेव को क्रांतिकारी नमन करते हुए उनके बलिदान को युवाओं और देश के लिए प्रेरण बताया। जिन महान क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के साथ साथ समाज को एकजुट रखने के लिए जातीय और धार्मिक भावनाओं से उठकर कार्य किया। हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर हमारे जीवन के स्तर को बढ़ाना चाहिए। इंकलाब युवा मोर्चा के वक्ताओं कुलदीप, यशपाल, अमित , बाशीत , राजेश ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और क्रांतिकारीयो के बारे में अपने वक्तव्य रखे। इस अवसर पर रामकुमार कादयान , संजय , राजसिंह ,बलवान , महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## बेजुबानों के साथ बिछड़ों को अपनों से मिला रहा गोरक्षा दल

**आठ वर्षो से घर से दूर दिमागी रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को गौरक्षा दल ने परिजनों से मिलवाया**

- **मानसिक अस्वस्थता के कारण अपनों से बिछड़े 10 से अधिक लोगों को घर पहुंचा चुका दल: परमार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हर इंसान के पीछे कोई कहानी होती है, सड़क के किनारे बेसुध घूम रहा व्यक्ति जिसे दुनिया पागल कहकर अनदेखा कर देती है, वह भी किसी का बेटा, किसी का भाई या किसी परिवार का सहारा हो सकता है। समाज की इसी सोच को बदलते हुए गौरक्षा दल ने ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने न केवल एक इंसान को नई जिंदगी दी, बल्कि आठ साल से बिछड़े एक परिवार के आंसू पोंछकर उनके घर की खुशियां लौटा दीं। जानकारी अनुसार उत्तर प्रदेश का रहने वाला व्यक्ति जो मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण पिछले आठ वर्षों से अपने घर से लापता था और भटकते हुए भिवानी पहुंच गया।


**भिवानी।** गौरक्षा दल के सदस्यों के साथ दिमागी रुप से अस्वस्थ व्यक्ति।

आमजन उसे मानसिक रोगी समझकर नजरअंदाज कर रहा था, लेकिन गौ रक्षा दल नौरंगाबाद के गौसेवक विजेंद्र गौरक्षक की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने उसे लावारिस छोड़ने के बजाय जिला जेल के पास स्थित गौ चिकित्सालय में लाने का निर्णय लिया। गौ सेवकों ने नपा केवल उसे आश्रय दिया, बल्कि उसकी सेवा की, उसे नहलाया और भोजन करवाया। इसके बाद जब उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर डाली तो तकनीक और सेवा के मेल ने चमत्कार कर दिखाया। वीडियो वायरल होते ही उत्तर प्रदेश के मेरठ में मौजूद उसके परिजनों तक पहुंच गया और आठ साल से जारी तलाश खत्म हुई। रविवार को जब मेरठ से उस व्यक्ति के परिजन उसे लेने भिवानी पहुंचे, तो माहौल भावुक हो गया। गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में व्यक्ति को सुरक्षित उसके परिवार के सुपुर्द किया। परमार ने कहा कि अक्सर लोग मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को देखकर रास्ता बदल लेते हैं, लेकिन हमारे गौ सेवक विजेंद्र ने संवेदनशीलता दिखाई। वह व्यक्ति दो बार टीम के पास से भागने की कोशिश भी कर चुका था, लेकिन टीम ने हार नहीं मानी। कड़ी मेहनत और सोशल मीडिया की ताकत से हमने उसके परिजनों को खोज निकाला। बेजुबान गौवंश की सेवा करना हमारा धर्म है, लेकिन किसी बिछड़े हुए इंसान को उसके परिवार से मिलाना सबसे बड़ी ईश्वरीय सेवा है। परमार ने गर्व के साथ सांझा किया कि गौरक्षा दल अब तक 10 से अधिक ऐसे लोगों को उनके घर पहुंचा चुका है, जो मानसिक अस्वस्थता के कारण अपनों से बिछड़ गए थे।

## तीन रक्तदाताओं ने बचाई महिला की जान, प्लेटलेट्स किए दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

निजी अस्पताल में मौत से जंग लड़ रही महिला मरीज के लिए रविवार शाम देवदूत बनकर आए रक्तदाताओं ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की। ओ-पॉजिटिव प्लेटलेट्स की सख्त दरकार होने पर जब परिजनों को कोई रास्ता नहीं सूझ रहा था, तब शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा और उनके साथियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को नया जीवनदान दिया। जानकारी अनुसार भिवानी के निजी अस्पताल में दाखिल महिला मरीज की हालत काफी गंभीर बनी हुई थी और उनका प्लेटलेट्स काउंट तेजी से गिर रहा था।

डॉक्टरों ने तुरंत ओ-पॉजिटिव प्लेटलेट्स का इंतजाम करने को कहा। परेशान परिजनों ने शतकवीर रक्तदाता डुडेजा से संपर्क साधा। सूचना मिलते ही डुडेजा ने बिना समय गंवाए अपने रक्तदाता समूह के युवाओं को संदेश भेजा। महज कुछ ही मिनटों में तीन युवा रजत गोयल, अभिषेक ढल्ला और आशीष प्रेमनगर निजी ब्लड बैंक पहुंच गए और प्लेटलेट्स डोनेट करने की प्रक्रिया शुरू की। इस नेक कार्य के बाद शतकवीर



रक्तदाता राजेश डुडेजा ने युवाओं के जज्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि रजत, अभिषेक और आशीष ने एक कॉल पर अपनी सहमति दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्लेटलेट्स की कमी के कारण कई लोग जान गंवा देते हैं, लेकिन अगर युवा जागरूक हों, तो किसी भी घर का चिराग बुझने से बचाया जा सकता है। मैं सभी से अपील करता हूं कि रक्तदान को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स डोनेट करने वाले युवाओं ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनका थोड़ा सा समय और रक्त किसी के काम आ सका।

## हनीट्रैप में फंसा ब्लैकमेल करने का आरोपी

- **गिरोह में शामिल महिलाएं युवकों को अपने जाल में फंसाकर उनके साथ छेड़छाड़ के झूठे आरोप लगाने की धमकी देती हैं**
- **पीड़ित के अनुसार जब उसने पैसे देने से मना कर दिया तो उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सिटी पुलिस ने हनी ट्रैप के जरिए युवकों को ब्लैकमेल करने के आरोप में एक गिरोह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश के बाद की गई है। इस संदर्भ में आशीष चौधरी एडवोकेट ने बताया कि शहर के गुरु नानकपुरा निवासी जतिन कुमार नामक युवक की शिकायत पर पुलिस ने मोहल्ला पीर आगा निवासी नामजद और चांदुवाड़ा दिल्ली दरवाजा के पास रहने वाले अन्य आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग मिलकर एक गिरोह के रूप में काम करते हैं।

गिरोह में शामिल महिलाएं युवकों को अपने जाल में फंसाकर उनके साथ छेड़छाड़ के झूठे आरोप लगाने की धमकी देते हैं और बाद में उनसे पैसे वसूलने का प्रयास करते हैं। पीड़ित के अनुसार जब उसने पैसे देने से मना कर दिया तो उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई। घटना उसकी दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड है।

पहले पुलिस को शिकायत दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर उसने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए। इसके बाद शहर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आरपीएस में गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय ने अपनी सुविधाओं में विस्तार करते हुए छात्राओं के लिए एक नवनिर्मित एसी गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित भव्य हवन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में आरपीएस प्रबंधन समिति की सेक्रेटरी बिमला देवी, एडवोकेट नरेन्द्र राव, चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रेम राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सेक्रेटरी बिमला देवी ने कहा कि एक शिक्षित बेटी न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज का भविष्य संवारती है।

उन्होंने बेटियों के आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल देते हुए इस आधुनिक छात्रावास को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि उनका उद्देश्य बेटियों को केवल


**महेंद्रगढ़।** हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें एक ऐसा सुरक्षित और घर जैसा पोषणकारी वातावरण प्रदान करना है। ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि इस हॉस्टल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि छात्राओं को प्रतिस्पर्धा के इस युग में पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम माहौल मिल सके। वहीं, डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने स्पष्ट किया कि परिसर में तकनीक और सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि यह नया भवन 'आराम और उत्कृष्टता' का अनूठा मिश्रण है। यह केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि एक जीवंत समुदाय है, जहां भविष्य के नेताओं का पोषण होगा।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर अकाउंट ऑफिसर देवेंद्र यादव, उप प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, विंग हेड देवेंद्र पुनिया, पवन तिवारी, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनीता अहलावत, राजकुमार, राजसिंह इंदौरा सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखीदादरी

क्षेत्र के गांव डोहकी में रविवार को भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने मुखातिथि के रूप में शिरकत की और कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा व कार्यशैली से अवगत कराया। विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत आज भी समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाते हैं और संगठन को नई दिशा देते हैं। भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार है। उन्होंने संगठन की नीतियों, अंत्योदय के सिद्धांत और कार्यशैली को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।


भिवानी। प्रशिक्षण महाअभियान' का शुभारंभ करते विधायक सुनील सांगवान।

## पूर्व सैनिक अमित सोनी बिना सैनिक कोटे के बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**नौसेना में रहते बीए, बीएससी, बीएड व आईटी डिप्लोमा-डिग्रियां हासिल की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अक्सर लोग सेना से सेवानिवृत्ति होने के बाद आराम या सुरक्षित नौकरी की तलाश करते हैं, लेकिन गांव बापोड़ा के लाल अमित सोनी ने अपनी कलम की ताकत से नई इबारत लिख दी है। अमित ने हरियाणा लोकसेवा आयोग की सहायक प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। अमित की सफलता की सबसे गौरवशाली बात ये है कि उन्होंने पूर्व सैनिक (ईएसएम) कोटे का लाभ लिए बिना ही ये मुकाम हासिल किया है।

अमित का सफर अनुशासन एवं संघर्ष की अद्भुत कहानी है। वे मात्र 17 वर्ष की उम्र में भारतीय


असिस्टेंट प्रोफेसर अमित सोनी।

नौसेना में भर्ती हुए और 15 वर्षों तक समुद्र की लहरों के बीच देश की सीमाओं की रक्षा की। ड्यूटी की कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने पढ़ाई से नाता नहीं तोड़ा। उन्होंने बीए, बीएससी, बीएड (मेरिट होल्डर), और आईटी डिप्लोमा जैसी डिग्रियां हासिल की। उन्होंने एमएससी (भूगोल) में गोल्ड मेडल जीता और यूजीसी-नेट/जेआरएफ परीक्षा में ऑल इंडिया 28वीं रैंक हासिल की। उन्होंने एचटेटे के तीनों लेवल, सीटेट के दोनों लेवल और हालही में केंद्रीय विद्यालय पीजीटी व पीआरटी के प्रथम चरण के साथ-साथ एकलव्य मॉडल स्कूल के पीजीटी प्रथम चरण की परीक्षा को भी उत्तीर्ण किया है। अमित सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय दादा सूबेदार चंद्रभान सोनी की प्रेरणा को देते हैं। उनकी धर्मपत्नी रीना वर्मा ने भी शादी के बाद पढ़ाई शुरू की और वर्ष 2024 में एक साथ चार सरकारी नौकरियों में चयन पाकर इतिहास रचा। अमित वर्तमान में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे हैं।

**सम्मान** सांसद धर्मबीर सिंह ने शॉल, स्मृति चिन्ह व फूलमालाओं से किया सम्मानित

## गांव बुढ़ेड़ी की बेटी मोनिका पंघाल गुजरात न्यायिक सेवा में बनी जज

**कार्यक्रम में मुख्यातिथि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मवीर सिंह उपस्थित रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी/बहल

गांव बुढ़ेड़ी की प्रतिभाशाली बेटी मोनिका पंघाल के गुजरात न्यायिक सेवा में जज पद पर चयन होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर क्षेत्रभर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मोनिका की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मवीर सिंह उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि मोनिका की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए


भिवानी। गुजरात न्यायिक सेवा में जज बनी मोनिका पंघाल को सम्मानित करते सांसद धर्मबीर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

प्रेरणादायक है और ये दर्शाती है कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे मेहनत और लग्न के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। विशिष्ट अतिथि लोहारू एसडीएम मनोज दलाल ने अपने विचार रखते हुए मोनिका को शुभकामनाएं दी और कहा कि ऐसी उपलब्धियां समाज में सकारात्मक बदलाव लाती हैं तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं।

कार्यक्रम महंत केशवनाथ महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मोनिका पंघाल को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया। मोनिका पंघाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं क्षेत्रवासियों को दिया और युवाओं को निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। मोनिका के पिता जगबीर पंघाल एवं माता अनीता को भी सम्मानित किया।

### उपलब्धि नारी सशक्तिकरण में महत्त्वपूर्ण कदम

वक्ताओं ने मोनिका की उपलब्धि को नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की अन्य बेटियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। मंच संचालन पवन पंघाल ने किया। इस अवसर पर वरुण श्योराण, महिपाल श्योराण, कमल प्रधान, महावीर पंघाल, एडवोकेट रामनारायण, एडवोकेट वेदपाल ढिल्लो, ईश्वर पंघाल, बलबीर पंघाल, अमित श्योराण जिला पार्षद, अलका आर्य, राजेश आर्य आदि उपस्थित रहे।

## सांसद, विधायक और वाइस चेयरमैन ने रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला

# शहीदों की स्मृति में प्रजापति जागृति मंच के शिविर में 21 ने किया रक्तदान



■ रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि ये सीधे तौर पर किसी का जीवन बचाने के काम आता है

भिवानी। रक्तदाता को बैज लगाकर सम्मानित करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ।

### समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि: सांसद धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

देश की आजादी एवं सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में रविवार को चेतराम प्रजापति धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। प्रजापति जागृति मंच ने शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में शिविर में युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और 21 यूनिट रक्त एकत्रित कर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शिविर में बतौर मुख्यतिथि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने शिरकत की तथा अति विशिष्ट अतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने शिरकत की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रजापति जागृति मंच के अध्यक्ष शिवकुमार प्रजापति ने की। इस दौरान अतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया व उनका हौसला बढ़ाया। अतिथियों ने कहा कि शहीदों ने देश के लिए अपना रक्त बहाया है और आज हमारे युवा रक्त दान करके उनके उसी बलिदान को सम्मान दे रहे हैं। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि ये सीधे तौर पर किसी का जीवन बचाने के काम आता है। शिवकुमार ने सभी अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार जताया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जयभगवान ठेकेदार, अमित सिंहमार, बजरंग ठेकेदार, अधिवक्ता नीरज आर्य, अधिवक्ता दिनेश वर्मा, अधिवक्ता अजय वर्मा व कुलदीप किरोड़ीवाल आदि मौजूद रहे।

### शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलने एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का लिया संकल्प

**भिवानी।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को बड़ चौक स्थित सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया। वर्तमान परिदृश्य और शहीद भगत सिंह विषय पर आयोजित सेमिनार में विभिन्न जनसंगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और शहीदों के क्रांतिकारी विचारों की प्रासंगिकता पर मंथन किया। सेमिनार के मुख्य वक्ता डीएन कॉलेज हिसार के प्रोफेसर महेंद्र विवेक ने अपने संबोधन में 1857 की क्रांति से लेकर भगतसिंह के दौर तक के क्रांतिकारी आंदोलनों का विस्तृत खाका खींचा। उन्होंने कहा कि भगत सिंह और उनके साथियों का लक्ष्य केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि ऐसे समाज की स्थापना करना था जहां अमीर-गरीब, ऊंच-नीच और जातीय भेदभाव का नामो-निशान न हो। उन्होंने रूसी क्रांति और दोनों विश्व युद्धों का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे वैश्विक परिस्थितियों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को प्रभावित किया और शहीदों ने अंतरराष्ट्रीय चेतना के साथ देश की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के महासचिव मास्टर वजीर सिंह ने वर्तमान वैश्विक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब दो-ध्रुवीय व्यवस्था खत्म हो चुकी है, अमेरिकी साम्राज्यवाद फिर से सिर उठा रहा है। विकासशील देशों के संसाधनों पर कब्जा करने की होड़ लगी है, जिससे न केवल मानवता बल्कि प्रकृति भी संकट में है। उन्होंने कहा कि थौंपे जा रहे युद्धों के कारण जन-धन की हानि हो रही है, साथ ही भारी मात्रा में प्राकृतिक संसाधनों का विनाश वैश्विक तापमान को बढ़ा रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर खतरा है। सेमिनार का संचालन रिटायर्ड एक्सईएन एसके सिंगला ने किया। इस वैचारिक समागम में शहीद यादगार समिति, सर्व कर्मचारी संघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, जनवादी महिला समिति, सीटू, किसान सभा व ज्ञान विज्ञान समिति एवं नौजवान सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।




भिवानी। सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में बैठक को संबोधित करते वजीर सिंह।

# बारिश से हुए किसानों के नुकसान का मुआवजा दे सरकार: पूर्व सीएम हुड्डा

■ गैस की बढ़ती किल्लत पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा राजपूत धर्मशाला भिवानी में स्व अनिल परमार की रस्म क्रिया में पहुँचकर श्रधांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया। उसके बाद भिवानी में पत्रकार वार्ता में हुड्डा ने देशभर में गैस की किल्लत पर सवाल उठाया है। उन्होंने पूछा है कि अगर सरकार कोई किल्लत ना होने की बात कह रही तो फिर जगह-जगह लोगों की लाइनें क्यों लगी हैं।

हुड्डा ने देशभर की तरह हरियाणा में रसोई गैस की कमी के लिए बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। क्योंकि सरकार की तरफ से स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है। कई जगह कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह रोक दी गई है, जिसके कारण होटल, रेस्तरां, ढाबे, कैटरिंग और अन्य छोटे-बड़े व्यवसाय ठप पड़ गए हैं या बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कई जगह सिलेंडर बुकिंग और डिलीवरी में देरी हो रही है। इसके चलते कालाबाजारी भी चालू हो गई है। ऐसे में सरकार को जनता के सामने एलपीजी की सही स्थिति रखनी चाहिए। हुड्डा राजपूत धर्मशाला भिवानी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दो दिन से रुक-रुककर हो रही बेमौसमी बारिश से गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में सरकार को तुरंत गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा देना चाहिए।



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सीएम हुडडा।

राज्यसभा चुनाव पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि एक सीट जीतने के लिए न्यूनतम 31 मतों की आवश्यकता थी और कांग्रेस के पक्ष में विधायकों ने 32 वोट डाले। लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने बीजेपी के साथ मिलकर साजिश की और हमारे 4 वोट रद्द कर दिए। इसके विरुध कांग्रेस ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है और चुनाव आयोग को भी शिकायत की है। साथ ही कांग्रेस के जिन 5 लोगों ने क्रॉस वोटिंग की है, उनपर हाईकमान की तरफ से एक्शन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# पूर्व सीएम हुड्डा से मिले उपमंडल के कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

उपमंडल के कांग्रेसी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात की और क्षेत्र में बेमौसमी बरसात से रबी सीजन की खराबें की भेंट चढ़ी फसलों का मामला उठाने एवं बकाया मुआवजा राशि न देने पर सरकार के समक्ष मामला उठाने की अपील की।

पूर्व सीएम हुड्डा ने कांग्रेसी नेताओं एवं किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी वाजिब मांगों को प्रमुखता से उठाकर सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। आगामी विधानसभा सत्र में कांग्रेस विधायक उन क्षेत्रों की मांगों को प्राथमिकता से उठाएंगे, जहां पर भाजपा विधायक हैं और वहां के कई मुद्दों पर सरकार से टकराव बना हुआ है। दादरी जिले के किसानों का धरना, बकाया मुआवजा, लंबित ट्यूबवेल



कनेक्श, जाम से निजात पाने के लिए रिंग रोड जैसे मुद्दों को लेकर दिल्ली में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व पूर्व विधायक सोमवीर श्योराण में हुई बैठक में एक दर्जन मांगे उठाने पर सहमति बनी है। दादरी जिले की समस्याओं को विधानसभा सत्र में उठाकर कांग्रेस राज्य स्तर पर सरकार को कटघरे में खड़ा करने का मन बना चुकी है। पूर्व विधायक सोमवीर श्योराण के आवास पर बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दादरी जिले के वरिष्ठ नेताओं से ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

### नवनिर्माण की नींव और देश को एकता के सूत्र में पिराने का भार युवा कंधों पर: अग्रवाल



**बहल।** प्रमुख उद्योगपति एवं बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। देश के नवनिर्माण की नींव, विकास और देश को एकता के सूत्र में पिराने का भार युवा कंधों पर है। युवाओं को नशे जैसी प्रवृति से दूर रहकर अपनी युवा शक्ति का उपयोग देश और समाज हित में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं से कहा कि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तकनीकी दक्षता हासिल करें। वे रविवार को अग्रसेन भवन में समाजसेवी संस्था जीटी हॉप फाउंडेशन एवं बहल युवा एकता संगठन द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता एवं रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने के साथ शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बना देती है। इसलिए, हर युवा का यह प्रयास हो कि वह किसी प्रकार के नशे की लत का शिकार न बनें और अपनी सकारात्मक सोच से अपनी युवा उर्जा का देश हित में प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि जीटी हॉप फाउंडेशन की यह सराहनीय पहल है और इसके लिए सीएम दीपांशु अग्रवाल व उनकी टीम बधाई के पात्र है। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में युयाओं में जोरदार उत्साह देखने को मिला।

## युवाओं को नशे से दूर रहते हुए खेलों में आगे बढ़ना चाहिए: संदीप पंघाल

■ शहीद भगत सिंह युवा क्लब के प्रधान ने नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

रविवार को शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर तोशाम के शहीदी पार्क में शहीद भगत सिंह युवा क्लब तोशाम द्वारा शहीदों को नमन करते हुए युवाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रुघबीर सिंह दुहन एवं छोटू टाला ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मौजूद युवाओं को युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान एवं शहीद भगत सिंह युवा क्लब के प्रधान संदीप पंघाल ने नशा न करने की शपथ भी दिलाई।

इस दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधान संदीप पंघाल ने कहा कि हमें अपने शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव आदि के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समस्त युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में आगे बढ़ना चाहिए। जिससे हमारा शरीर भी स्वस्थ रहे और आगामी पीढ़ी को संदेश मिले। इस मौके पर सजय नाफरिया तोशाम, अनिल बागनवाला, रमेश चंद्र नाफरिया, कुलदीप पटौदी, अनिल शेशमा आदि मौजूद रहे।

### बाबा शंकरगिरि को साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं ने किया नमन



**भिवानी।** हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरि आश्रम में हर वर्ष की भांति श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा शंकरगिरि महाराज की 9वीं पुण्यतिथि पर 22 मार्च को वार्षिक भंडारा एवं संत समागम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत रविवार को सर्वप्रथम सुबह 7:15 बजे सदगुरुदेव का षोडश उपचार पूजन से हुई। इसके पश्चात प्रातः 08:15 बजे बाल भोग प्रसाद और हवन-यज्ञ में पूर्णाहूति दी गई।

दोपहर में 01:15 बजे से विशाल भंडारा प्रसाद प्रारंभ हुआ, जिसमें साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। परमहंस बाबा जहरगिरि के आदर्शों पर चलते हुए जनसेवा के उद्देश्य से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। वहीं मंदिर में विशेष रूप से विभिन्न प्रकार के फूलों की सजावट की, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही प्रसाद बनाने में दर्जनों हलवाईयों के साथ 100 से अधिक कारीगरों व सेवादारों ने अपनी सेवाएं दी। अंतरराष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा व आश्रम पीठाधीश्वर डॉ. अशोक गिरि ने 180 से अधिक मठाधीशों को ट्रॉली बैग भेंट किए। इसके अलावा संत समागम में रमते, संत व महात्माओं को अंग वस्त्र एवं दक्षिणा भेंट करके उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में विधायक घनश्यामदास सर्राफ मौजूद रहे।

## पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने जाना पूर्व सांसद जंगबीर सिंह का हालचाल

■ स्व. अनिल परमार की रस्म क्रिया में शिरकत करने आए थे पूर्व सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भिवानी के कदम अस्पताल में पहुंच कर पूर्व सांसद जंगबीर सिंह का हालचाल जाना। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा रविवार को यहां स्व अनिल परमार की रस्म क्रिया में शिरकत करने आए थे। पूर्व सांसद जंगबीर सिंह से बातचीत करते हुए उनके जल्द ही स्वस्थ होने की कामना की। पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा कि जंगबीर सिंह ने अपना पूरा जीवन देश सेवा के लिए समर्पित किया है। पहले उन्होंने भारतीय सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा की तथा उसके बाद राजनीति में सांसद रहते हुए देश की जनता के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को लागू करवाने में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि वे उनका जन्म एक साधारण व किसान परिवार में हुआ इसलिए वे किसानों की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं तथा समय-समय पर किसानों की आवाज उठाते रहते हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी, शहरी अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी, संदीप तंर, कमल सिंह प्रधान आदि मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बिट्स इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और भव्यता के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में छात्रों की प्रतिभा और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि, बिट्स गुरप संस्था के अध्यक्ष शशि रंजन परमार एवं दर्शन मिड्ढा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रवीण बजाज, नरेंद्र शर्मा, संजय कामरा और केशव तनेजा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनका स्वागत विद्यालय प्रबंधन द्वारा गर्मजोशी से किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने एक से बढक़र एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय वातावरण में सरस्वती वंदना से हुई। इसके उपरांत नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने मनमोहक नृत्य से सभी का दिल जीत लिया। वही छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी, राजस्थानी और पंजाबी (भांगड़ा) लोक नृत्यों के माध्यम से भारत की विविधता को मंच पर उतारा। विशेष रूप से कक्षा तीसरी की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत हरियाणवी समूह नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। यही नहीं विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नाटकों और गीतों का सफल मंचन कर उपस्थित जनसमूह में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत की।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देते प्रतिभागी।

### डॉ. बीआर आम्बेडकर एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सांसद बौद्ध का किया अभिनंदन

**भिवानी।** कांग्रेस के नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद कर्मबीर बौद्ध के निवास स्थान सेक्टर 22डी चंडीगढ़ में पहुंचकर डॉ. बीआर अम्बेडकर एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने अभिनंदन किया। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर सिंह रंगा, प्रदेश महासचिव एडवोकेट दीपेश सारसर, प्रदेश सचिव एडवोकेट रामअवतार सभ्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट चरणसिंह दहिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट विजय दहिया सहित अनेक सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने पहुंचकर माननीय राज्यसभा सांसद को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. बीआर अम्बेडकर एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने अपना बधाई पत्र राज्यसभा सांसद कर्मबीर बौद्ध को प्रेषित किया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर सिंह रंगा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा से बौद्ध को राज्यसभा में भिजवाकर प्रदेश के अनुसूचित एवं वंचित वर्ग का मान सम्मान बढ़ाया है। इसके लिए हम कांग्रेस हाईकमान राहुल गांधी, खड़गे, गौतम, भूपेंद्र हुड्डा व कुमारी शैलजा का आभार व्यक्त करते हैं ।

## बारिश से किसानों को भारी नुकसान भरपाई करे सरकार : सांगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

प्रदेशभर में बारिश से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है, ऐसे वक्त में किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए सरकार को आगे आना होगा। उक्त शब्द संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने तोशाम में बाईपास मार्ग पर पिछले कई महीनो से धरनारत किसानों को संबोधित करते हुए कहे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इस वक्त सरसों की फसल पक चुकी है और कटाई की जा रही है। दूसरी तरफ गेहूं की फसल पकने को तैयार है, ऐसे मौके पर प्रदेशभर में बारिश होने से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेत में खड़ी सरसों की फसल में भीगने के कारण झाड़ शुरू हो गया है। खलिहान



में पड़ी सरसों की फसल नमी के कारण गलने सड़ने लगी है और बारिश के दौरान तेज हवा के झोंकों से प्रदेश भर में गेहूं की फसल जमीन पर बीछ गई है, जो कटाई के समय किसान के लिए जी का जंजाल बन जाएगी और पैदावार भी बहुत कम होगी। इस स्थिति में किसानों को हर तरफ से भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। किसान नुकसान सहन नहीं कर पाएंगे। उन्होंने जन कल्याण की नीतियों का हवाला देते हुए आह्वान किया कि इस स्थिति में सरकार की जिम्मेवारी बन जाती है की सरकार खुद आगे आए।

### शिक्षा एवं समानता का संदेश देगा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह

**भिवानी।** महान समाज सुधारक एवं आधुनिक शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती को लेकर सामाजिक गलियारों में भारी उत्साह है। सैनी कल्याण परिषद ने समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए कमर कस ली है। परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने परिषद के प्रधान भूपसिंह सैनी के नेतृत्व में विधायक एवं पूर्व मंत्री घनश्यामदास सर्राफ से मुलाकात कर उन्हें अति विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। विधायक ने निमंत्रण को स्वीकार किया। परिषद के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि जयंती समारोह का आयोजन 11 अप्रैल को हनुमान ढाणी स्थित सैनी धर्मशाला में होगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगी। प्रधान भूपसिंह ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन शिक्षा की अलख जगाने और सामाजिक समानता की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया था। सैनी कल्याण परिषद ने संकल्प लिया है कि इस बार हम उनकी जयंती को धार्मिक और सामाजिक उत्सव के साथ-साथ शिक्षा के पर्व के रूप में मनाएंगे। इस अवसर पर संगठन सचिव रमेश, सुभाषचंद सैनी, महेंद्र सैनी, रामकिशन सैनी आदि मौजूद रहे।

**मुलाकात** लोगों ने पीने के पानी , बिजली के लटकते तार और कनेक्शन देने की मांग रखी

# विधायक वाल्मीकि ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

रविवार को बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने अपने आवास पर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान कुछ लोगों ने पीने के पानी तो किसी ने बिजली के लटकते तार व केनेक्शन की मांग उठाई। जिस पर विधायक ने अधिकारियों से सम्पर्क करके तत्काल उनके कार्य पूरा करवाने के निर्देश दिए। सुबह साढे सात बजे विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि अपने आवास पर बाहर बैठ गए। बवानी खेड़ा स्थित निवास स्थान पर हल्के से आए अनेक सम्मानित नागरिकों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने उसी वक्त पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों को पानी की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।



बवानीखेड़ा। लोगों की समस्याएं सुनते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

### समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए: विधायक

इस पर विधायक ने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए और कहा कि इनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उनके समाधान की दिशा में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की। इस दौरान अनेक लोग मौजूद थे।

### पीने के पानी की सप्लाई नियमित नहीं

कई लोगों ने बताया कि उनके इलाके में पीने के पानी की सप्लाई नियमित नहीं है। गली के अंतिम छोर पर पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे लोगों को पानी को लेकर अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद वहां पर पहुंचे लोगों ने बताया कि उनके इलाके में बिजली के तार ढिले है। एक दो लोगों ने बिजली के कनेक्शन में देरी की शिकायत की।

# जयकारों के साथ निकली मां भवानी की ध्वजा यात्रा, उमड़ा आस्था का जनसैलाब

हाथों में केसरिया ध्वजा एवं ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते देवसर धाम तक पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

रविवार सुबह की पहली किरण के साथ ही छोटी काशी भिवानी शहर की गलियां जय माता दी के उद्घोष से गूंज उठीं। श्रीअग्रवाल सभा के तत्वावधान में द्वितीय ध्वजा यात्रा का शुभारंभ रविवार अलसुबह 5:15 बजे नया बाजार स्थित प्राचीन मां भोजावाली देवी मन्दिर से हुआ। इस धार्मिक आयोजन में हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा।

चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली यात्रा मां भोजावाली देवी के मंदिर से शुरू होकर प्रसिद्ध देवसर धाम तक पहुंची। यात्रा का मुख्य आकर्षण मां भवानी के नाम समर्पित विशाल ध्वजा और अखंड ज्योत रही, जिसे श्रद्धालु पूरे रास्ते श्रद्धापूर्वक अपने हाथों में थामे रहे। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क निशानों (ध्वजा) की व्यवस्था की थी। वहीं शहर के विभिन्न चौकों पर पुष्प वर्षा के साथ पदयात्रियों का स्वागत किया। हाथों में केसरिया ध्वजा लिए और ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बनता था। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य समाज में सुख-समृद्धि की कामना और अपनी प्राचीन धार्मिक परंपराओं को जीवित रखना है। लगभग सात किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर यात्रा देवसर पहाड़ी स्थित मां भवानी के दरबार पहुची, जहां मुख्य ध्वजा को विधि-विधान के साथ अर्पित किया और अखंड ज्योत की स्थापना की।

**किया सहयोग**

यात्रा के सफल संचालन में आशीष मित्तल एडवोकेट, सचिन सिंगला, रामावतार गुप्ता, सुरेश कागजी, मामनचंद अग्रवाल, अनिल तायल, पंकज कसेरा, मुकेश बंसल ने मुख्य भूमिका निभाई।

कृष्णा कॉलोनीवासियों के लिए राहत की खबर

# दिल्ली से लाई गई सुपर सकर मशीन से रातों रात दुरुस्त की जा रही हैं बंद सीवरेज लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ कृष्णा कॉलोनी के लोगों ने समाधान शिविर में उपायुक्त के सामने रखी थी बंद सीवरेज की समस्याा



भिवानी। सीवर लाइन की सफाई करती सुपर सकर मशीन। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सामने जैसे-जैसे सीवरेज लाइन अवरुद्ध होने या पेयजल पाइप लाइन लीक होने की समस्या सामने आ रही हैं, उसके साथ-साथ ही डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार उन समस्याओं का तत्परता से समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में समाधान शिविर में पहुंची कृष्णा कॉलोनी में बंद सीवरेज लाइन को दिल्ली से सुपर सकर मशीन मंगवाकर रातों रात खुलवाया गया है, इससे सीवरेज की समस्या दुरुस्त हुई है।

उल्लेखनीय है कि समाधान शिविर में कृष्णा कॉलोनी वासियों ने उनके क्षेत्र में सीवरेज लाइन के बंद होने की समस्या रखी थी। इसी प्रकार बैंक कॉलोनी और राजीव गांधी महिला कॉलेज क्षेत्र में भी सीवरेज लाइन के ब्लॉक होने की समस्या सामने आई। डीसी गुप्ता ने सीवरेज की समस्याओं को गंभीरता से लिया और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि वे दिल्ली से सुपर सकर मशीन मंगवाएं और सीवरेज लाइनों को साफ करवाएं। डीसी के निर्देशों के चलते जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने दिल्ली से सुपर सकर मशीन मंगवाई और कृष्णा कॉलोनी में रातों रात सीवर लाइन की सफाई करवाई। मशीन से सीवर लाइन की बंद पड़ी सांसों को खोला गया।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास धनखड़ जानकारी ने बताया कि फिलहाल सुपर सकर मशीन को रोहतक रोड पर बैंक कॉलोनी क्षेत्र में लगाया गया है। इस क्षेत्र की भी सीवरेज से संबंधित समस्या समाधान शिविर में आई थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद राजीव गांधी राजकीय महिला कॉलेज क्षेत्र की मेन सीवर लाइन को साफ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे जिस क्षेत्र में सीवरेज से संबंधित कोई समस्या सामने आती है, उसके साथ ही विभाग का प्रयास उस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने का होता है।

# खेलो इंडिया में दो पदक जीतकर 70 साल के अजीत ने रच दिया इतिहास

बुजुर्ग खिलाड़ी रामकिशन शर्मा, महेंद्र श्योराण व हरपाल सांगवान आदि ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भबाढ़ड़ा



भिवानी। बुजुर्ग खिलाड़ी अजीत सांगवान को सम्मानित करते अतिथि।

जहां एक ओर लोग बढ़ती उम्र में आराम को प्राथमिकता देते हैं, वहीं गांव कलियाना निवासी 70 वर्षीय अजीत सांगवान ने अपनी मेहनत और जुनून से नई मिसाल कायम कर दी।

वहीं 20-21 मार्च को चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया स्तर की खेलो इंडिया प्रतियोगिता में अजीत सांगवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। इस उम्र में इतना बड़ा कारनामा कर अजीत सांगवान ने न केवल अपने गांव कलियाना बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और हर कोई उनकी मेहनत और जज्बे की सराहना कर रहा है। अजीत की सफलता पर बुजुर्ग खिलाड़ी रामकिशन शर्मा, महेंद्र श्योराण व हरपाल सांगवान सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि अजीत सांगवान की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और ये साबित करती है कि अगर हौसला बुलंद हो तो उम्र कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बनती। अजीत सांगवान इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं और लगातार अपने शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र का गौरव बढ़ा रहे हैं।

## भिवानी-हांसी मार्ग का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले टोल टैक्स लिए जाने का विरोध

# पंचायत में दस किलोमीटर के दायरे में टोल फ्री, सर्विस रोड की उठाई मांग





बवानीखेड़ा। टोल प्लाजा पर आयोजित पंचायत में उपस्थित लोग और टोल फ्री व सर्विस रोड बनाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते सामाजिक संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

■ मांग पूरी नहीं हुई तो एक अप्रैल को बुलाई जाएगी महापंचायत, आंदोलन का होगा ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में भिवानी-हांसी मार्ग का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले टोल टैक्स लिए जाने के विरोध में रविवार को महापंचायत का आयोजन किया गया। लोगों ने बवानीखेड़ा व आसपास में रहने वाले गांवों के लोगों के वाहनों का टोल टैक्स माफ करने तथा बवानीखेड़ा व जाटू लोहारी के पास सर्विस रोड बनाए जाने की मांग की। इस दौरान लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। महापंचायत में उपस्थित लोगों ने एनएचआई के अधिकारी को मांगपत्र सौंपा। इस दौरान एनएचआई के अधिकारी ने भरोसा दिलाया कि वे टोल के नियमों की जानकारी लेंगे और जो जायज बन पाएगा। उसको वे लागू करवाने का प्रयास करेंगे।

सुबह दस बजे हरियाणा जागृति मोर्चा, अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान यwनियन,संत गुरु रविदास सेवा समिति, अधिवक्ता एसोसिएशन बवानी खेड़ा, अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा, बहामण सभा, टैक्सी स्टैण्ड युनियन बवानी खेड़ा,सर्वजातिय जाटू खाप के लोगों ने संयुक्त रूप से टोल के समीप महापंचायत का आयोजन किया गया महापंचायत के संयोजक हरियाणा जागृति मोर्चा के राजेश सिंधू व रामकिशन काजल थे। महापंचायत की अध्यक्षता सामुहिक राजेश कूंगड़, बनवारी नायक व राजबीर तंवर ने की। महापंचायत में अधूरे रोड पर टोल टैक्स लागू करने का विरोध किया गया। टोल लागू करके उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ लाद दिया है। इनके अलावा बवानीखेड़ा व आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों के वाहनों को टोल टैक्स में छूट दी जाए। चूंकि अन्य टोल पर इस तरह की व्यवस्था पहले से ही बनी हुई है। अब उन पर टोल लगाकर उनके साथ नाइंसाफी की जा रही है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों का टोल फ्री करने की मांग की। इनके अलावा महापंचायत में उपस्थित लोगों ने बताया कि बाईपास के साथ साथ बवानीखेड़ा व कुछ जाटू लोहारी के क्षेत्र में सर्विस रोड नहीं बनाया गया है। जिससे वहां के रहने वाले लोगों के खेतों के रास्ते पूरी तरह से बंद हो गए है। अगर इन जगहों पर सर्विस रोड नहीं बनाए गए तो वे अपने खेतों को बेचने पर मजबूर होंगें। चूंकि उनके खेतों में जाने का कोई रास्ता ही नहीं बचा है। इन दोनों जगहों पर सर्विस रोड बनाया जाना निहायत जरूरी है।

### महापंचायत में ये रहे मौजूद

इस मौके पर मोर्चा अध्यक्ष राजेश सिंधू एडवोकेट ,रामकिशन काजल, नरेन्द्र तंवर, बनवारी नायक ,कविता भारियां पार्षद नपा बवानी खेड़ा ,उमेश भारद्वाज ,अमित दहिया एडवोकेट ,नेपाल तंवर जाटू लोहारी, श्रीपाल सिंधू ,राजबीर तंवर पूर्व पार्षद ,कामरेड राजेश कुंगड़, ओमबीर भाकर ,धीरज छात्रनेता, पूर्व सरपच हरकेश जमालपुर ,सतू सिंह प्रधान ,रोशनलाल काजल, जोगेन्द्र शर्मा, राजेश पारासर, मास्टर रामफल शर्मा ,वेद खेड़ी, राकेश आर्य किसान नेता, रामौतार, दशरथ ,हरफूल कदावला, हनुमान रोहिला ,प्रदीप चाहर, अनील औला, रामनिवास यादव ,अनील काजल, अजय भौरियां आदि मौजूद थे।



भिवानी। राष्ट्रीय मास्टर खेलों के पदक जीतने वाले पूर्व जिला खेल अधिकारी।

# पूर्व जिला खेल अधिकारियों ने जीते स्वर्ण और रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ जयसिंह कालीरामन ने गोला फेंक व चक्का फेंक में स्वर्ण पदक तथा लम्बी कूद में रजत पदक प्राप्त किए

चंडीगढ़ के सेक्टर 7 में 20 से 22 मार्च तक संपन्न हुए 5वें राष्ट्रीय मास्टर खेलों का आयोजन किया। एथलेटिक्स खेल में बाबा भैरूनाथ स्पोर्टस एसोसिएशन चौधरी खेमचन्द स्टेडियम बुसान के संचालक पूर्व जिला खेल अधिकारी जयसिंह कालीरामन ने 65 आयुवर्ग में गोला फेंक व चक्का फेंक में स्वर्ण पदक तथा लम्बी कूद में रजत पदक प्राप्त किए। इसी तरह पूर्व जिला खेल अधिकारी बिरेन्द्र कुमार बापोड़ा ने 60 वर्ष के आयुवर्ग में 80 मीटर हर्डल, त्रिकूद, 200 मीटर में तीन स्वर्ण पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया।

जयसिंह कालीरामन ने पहले भी नवंबर 2025 में चैन्नई में हुई एशियन मास्टर एथलैटिक्स चैंपियनशिप में गोला फेंक व चक्का फेंक में स्वर्ण पदक जीता था। इन खेलों में भिवानी के एथलीट बिजली बोर्ड से सुरत सिंह देवसर, फूलकुमार शर्मा, राजेन्द्र सिंह, ब्रृजपाल लाला ने पदक जीतकर भिवानी का नाम रोशन किया। सभी खिलाड़ी अन्तरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट है, ये सभी छोटे बच्चों को ट्रेनिंग देते हैं तथा इनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ी आज राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। पदक विजेताओं ने कहा कि बच्चों को खेलों में भाग लेना चाहिए तथा नशे से दूर रहना चाहिए। सभी विजेताओं को सांसद धर्मबीर सिंह ने बधाई दी और कहा कि सभी मास्टर खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## आज हरियाणा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय में पहुंचेंगे गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत

भिवानी। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत 23 मार्च को सुबह 10 बजे महम रोड स्थित हरियाणा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय में पहुंचेंगे। डीसी कार्यालय से प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल आचार्य देवव्रत प्राकृतिक चिकित्सालय में नवनिर्मित जगन्नाथ सर्राफ वैलनेस सेंटर का उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे और वैलनेस सेंटर का उद्घाटन करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# नई कार्यकारिणी का गठन : जेसी रमन जैन बने जेसीआई के रीजनल चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ पदाधिकारियों को ग्रहण करवाई शपथ

जेसीआई के पूर्व सदस्यों को समाजसेवा के बड़े मंच पर एकजुट करने के उद्देश्य से गठित जेसीआई एलुमनी क्लब भिवानी रीजन की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी का गठन किया। निजी होटल में आयोजित बैठक के दौरान आगामी सत्र के लिए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। वर्तमान रीजनल चेयरमैन जेसी पंकज गोयल ने संगठन की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नई टीम की घोषणा की। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल एक अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा। इस दौरान रीजनल चेयरमैन की जिम्मेदारी जेसी रमन जैन, रीजनल सेक्रेटरी की जेसी नरेश नागपाल, कोषाध्यक्ष की जेसी जतिन मित्तल को दी गई। इसके बाद पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाई गई।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अजय गोयल, गोपाल कृष्ण, उमाशंकर, अमित बंसल, भारत गुप्ता, विजय अरोड़ा, पवन मित्तल, ऋतु बुवानीवाला जोन वाईस चेयरमैन आदि मौजूद रहे।

# चैम्पियन डिफेंस ऐकडमी बहल में रक्तदान शिविर आज, कैप्टन जयसिंह होगें मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

शुटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम इनाम 8100 व द्वितीय इनाम 4100 रुपये रहेगा

चैम्पियन डिफेंस ऐकडमी बहल द्वारा 23 मार्च को शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर व एक दिवसीय शुटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पावन सानिध्य महंत पूर्ण नाथ महाराज का रहेगा। मुख्य अतिथि कैप्टन जयसिंह कालीरामन बुशान शिरकत करेगें। वही कार्यक्रम में प्रदीप मण्डोली, डॉ आशीष पूनिया, मोहन पातवान, डॉ सचिन बुशान,विकास झाझड़िया बतौर अतिथि कार्यक्रम में शिरकत करेगें। चैम्पियन डिफेंस ऐकडमी बहल के संचालक शमशेर सिहं उर्फ शेरा ने बताया कि शहीद दिवस पर देश भक्ति रागनी कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम इनाम 8100 व द्वितीय इनाम 4100 रुपये रहेगा। सभी मुकाबले स्मैशिंग बॉल से करवाए जाएगें। एक प्लेयर एक टीम में ही खेल सकता है। दुसरे राउंड के सभी मैच टाई डालकर करवाए जाएंगे। तीसरी बॉल स्मैशिंग के लिए नहीं बनाई जाएगी और कोई भी टीम अपर हैंड सर्विस नहीं कर सकतीं।

## युवाओं को रोजगार के लिए अन्य राज्यों का करना पड़ रहा रुख

# नप चेयरमैन ने ज्ञापन में सीसीआई की 238 एकड़ जमीन पर उद्योग स्थापित की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



भिवानी। सीएम को ज्ञापन देते नप चेयरमैन बक्शी राम सैनी। फोटो : हरिभूमि

शहर के विकास और रोजगार सृजन को लेकर नगर परिषद चेयरमैन बख्शी राम सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपते हुए सीसीआई कीं खाली पड़ी जमीन पर उद्योग स्थापित करने की मांग उठाई है।

ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि शहर में स्थित सीसीआई की लगभग 238 एकड़ जमीन वर्तमान में केंद्र सरकार के अधीन है और लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी हुई है। यह जमीन शहर के लिए बेहद अहम मानी जा रही है, क्योंकि इसके दोनों ओर शहर की मुख्य सड़कें गुजरती हैं और यह रेल यातायात से भी सीधा जुड़ाव रखती है, जिससे औद्योगिक गतिविधियों के लिए यह स्थान बेहद उपयुक्त बनता है। चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जिले में किसी भी बड़े उद्योग की कमी के कारण यहां के युवाओं और व्यापारियों को रोजगार और व्यवसाय के लिए अन्य राज्यों का रुख करना पड़ रहा है। यदि इस जमीन पर उद्योग स्थापित किए जाते हैं तो स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और जिले की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों से चर्चा कर जल्द ही ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है और इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। मांग पत्र से शहरवासियों को अब उम्मीद हुई है कि इस पहल से दादरी में औद्योगिक विकास का रास्ता खुलेगा और स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

# धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने दूसरा आरोपी किया गिरफ्तार, बाइक बरामद

आरोपी ने एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले थे 95,000 हजार रुपये

**भिवानी।** पुलिस स्पेशल स्टाफ ईशरवाल की टीम ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीटीएम चौक भिवानी निवासी महिला ने थाना शहर भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह दो जून को घंटाघर चौक भिवानी स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गई थी। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके एटीएम कार्ड से 10,000 निकलवाए। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने यह कहकर कि आपकी स्लिप नहीं आई है, उससे कार्ड लेकर बैलेंस स्लिप निकालने का बहाना किया और उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। अगले दिन उसके खाते से 95,000 रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। शिकायत पर थाना शहर भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया। पुलिस की स्पेशल स्टाफ ईशरवाल के मुख्य सिपाही तेजपाल की टीम ने दूसरे आरोपी को तोशाम बाईपास, बवानी खेड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेंद्र पुत्र बीर सिंह निवासी बवानी खेड़ा, जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से वारदात में प्रयोग की गई एक मोटरसाइकिल व 10,000 नकद बरामद किए गए हैं। अभियोग में आरोपी लक्ष्मण को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जिससे 20,000 नकद बरामद किए।